SYNERGY

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

सितंबर – 2014

फ्री एसएमएस और ईमेल पर बिल पाने के लिए रजिस्टर करें और लकी ड्रॉ में इनाम जीतें

क्या आपको बीआरपीएल की ओर से भुगतान देय तिथि या भुगतान पुष्टि का फ्री एसएमएस अलर्ट मिल रहा है? या आपको मेल बॉक्स पर ई–बिल प्राप्त हो रहा है? यदि नहीं तो कृपया अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी को रजिस्टर्ड करायें। इससे आपको उपयोगी अलर्ट प्राप्त होगा।

रजिस्टर करना आसान

- बीआरपीएल के 24X7 हेल्पलाइन नंबर 399–99–707 पर कॉल करें या
- brpl.customercare@relianceada.com पर ईमेल करें

बीआरपीएल पर मोबाइल नंबर और और ईमेल आईडी को रजिस्टर्ड कराने से न आपको सिर्फ उपयोगी अलर्ट्स प्राप्त होंगे बल्कि इनाम जीतने का मौका भी मिलेगा। प्रत्येक महीने 3 विजेताओं का नाम लकी ड्रॉ के जरिए चुना जाएगा।

84 बिजली चोरों को सजा, 45 को जेल और 5.6 करोड़ जुर्माना

पिछले 18 महीनों में, बिजली चोरों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाते हुए द्वारका, साकेत और कड़कड़डूमा की विशेष अदालतों ने 84 बिजली चोरों को सजा दी है।

जेल भेजे गए लोगों में उद्योगपति, व्यवसायी, बोतल यूनिट का मालिक, फैक्टरी मालिक,जूट मलिक, दर्जी, दुकानदार, मकान मालिक एवं किरायेदार समेत सभी वर्गों के लोग शामिल थे।

डाटा का विश्लेषण रोचक रुझानों को प्रस्तुत करता है

- सजा प्राप्त 84 लोगों में से 45 बिजली चोरों को जेल भेजा गया जिनमें 38 लोगों को सश्रम कारावास और 7 लोगों को साधारण कारावास दिया गया है जिसकी अवधि 6 महीने और 3 महीने की थी। बाकी लोगों को अन्य तरह की सजा दी गई।
- घरेलू बिजली चोरी में पकड़े गये नागरिकों पर 1 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया।

Over 1,400 People Jailed

Jail Term For Power Theft

Sentence	No.
36 months	5
24 months	21
18 months	3
12 months	9
Up to 6 months	7

Total Prisoners: 45
(from January 1, 2013, to June 30, 2014

2.5 lakh cases booked
By BSES since privatisation in July 2002

Around 18 lakh kW
Of power theft inearthed

ठीक वायरिंग रखता है आपको सुरक्षित

फॉल्टी इंटरनल् वायरिंग खतरे को न्यौता देने के अलावा आपके बिजली खपत पर भी प्रभाव डालता है। निम्न सुझावों को अमल में लाएं और जिंदगी को खुशहाल बनाएं।

- अपने इलेक्ट्रॉनिक मीटर के ईएल एलइडी इंडीकेट्र को चेक करें, ईएल एलईडी एक या फिर निम्नवत् कारणों की वजह से इंडीकेट् करता है। 1, अर्थिंग का इस्तेमाल बतौर न्युट्रल के रुप में हो रहा है। 2, न्युट्रल की वॉयर अर्थ वॉयर को छू रही है। 3, फेज/ न्युट्रल वॉयर पड़ोसी के फेज/न्युट्रल वॉयर से मिक्स् कर रही है।
- सही तरीके से नहीं की गई वायरिंग इलेक्ट्रिक सेफ्टी पर असर डालता है। ये आग और भयानक दुर्घटनाओं की वजह भी बन सकती है।
- भारतीय विद्युत अधिनियम् 1956 के अनुसार सभी इलेक्ट्रिकल कार्य जिसमें एडजस्टमेंट् के कार्य भी शामिल हैं, को क्वालिफाईड और सर्टिफाईड इलेक्ट्रिकल कांट्रेक्टर के जरिए होना चाहिए।
- अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर लगवायें। यह सहज एवं उपयोगी डिवाइस आपके घरों या आसपास होने वाले लीकेज को डिटेक्ट कर बड़ी दुर्घटना की रोकथाम करता है। 5 किलोवाट या उससे ज्यादा के लोड वाले सभी उपभोक्ताओं के लिए लगाना अनिवार्य है।
- प्रत्येक स्वत्रंत मीटर धारक उपभोक्ता का लोड डिस्ट्रिब्युटिंग मेन से डायरेक्ट कनेक्ट होना चाहिए। अगर आपने अपने बिल्डिंग में एक से ज्यादा मीटर लगवा रखे हैं तो किसी क्वालीफाईड् इलेक्ट्रिशियन से यह चेक करवायें कि बिल्डिंग की वायरिंग अलग है।

दिल्ली में बिजली की मांग ने सारे रिकार्ड को तोड़ा, 5925 मेगावाट पहुंची

- दिल्ली में सालाना प्रति व्यक्ति बिजली की खपत 1651 यूनिट है जो राष्ट्रीय खपत से भी दुगुना है
- 2002 में निजीकरण के बाद से दिल्ली में बिजली की मांग दुगुने से भी अधिक हुई है
- 15 जुलाई को दिल्ली में बिजली की मांग पूर्व के सारे रिकार्ड को तोड़ते हुए 5925 मेगावाट तक पहुंच गयी। बीआरपीएल के दक्षिण और पश्चिम इलाकों में भी मांग 2550 मेगावाट तक पहुंची जो अभी तक का रिकार्ड है।

दिल्ली में बिजली की 5925 मेगावाट पर अन्य शहरों की तुलनात्मक स्थिति

- कोलकता की तुलना में तकरीबन तिगुना (करीब 2100 मेगावाट)
- मुंबई की तुलना में तकरीबन दुगुना (करीब 3400 मेगावाट)
- सातों पूर्वोत्तर राज्यों की तुलना में तकरीबन ढाई गुना (करीब 2500 मेगावाट)
- उड़ीसा की तुलना में तकरीबन डेढ़ गुना (करीब 3990 मेगावाट)
- बिहार की तुलना में तकरीबन ढाई गुना (करीब 2750 मेगावाट)

Send in your feedback to Corporate Communications, BSES Rajdhani Power Limited, Regd. Off: BSES Bhawan, Nehru Place, New Delhi - 110019
CIN No U74899DL2001PLC111527, Tel No +91 11 399-99-707, Website www.bsesdelhi.com

To advertise in Synergy, please call Twohmp at 9650804539 or email : direct@twohmp.in
BSES Rajdhani Power Limited is not legally responsible for the contents of the advertisements in Synergy